वार्तालाप-591, बड़ौदा (गुजरात), दिनांक 26.06.08
Disc.CD No.591, dated 26.06.08 at Baroda (Gujarat)
Extracts-Part-1

समयः 04.26-05.45

जिज्ञासुः बाबा, एक अव्यक्त वाणी में बोला है कि आप भी देखेंगे और बाप भी देखेंगे।

बाबाः हाँ। क्या? किस संबंध में बोला?

जिज्ञासुः जो समय आने वाला है उसमें आप भी देखेंगे और बाप भी देखेंगे।

बाबाः ठीक है। बाप माने प्रजापिता, और आप भी देखेंगे।

जिज्ञासुः आप माने ब्रह्मा बाबा?

बाबाः ... वो तो है ही नहीं शरीर उनका।

जिज्ञासु: 16.04.2008 की जो अव्यक्त वाणी है उसमें बताया कि मम्मा-बाबा...

बाबा: जिस समय बाबा जीवित थे तो मम्मा, ओम राधे मम्मा और बाबा, दादा लेखराज, दोनों को वारिस बनाने वाले कोई बच्चे नहीं होंगे?

जिज्ञासु: थे, तब ही तो...

बाबा: इसलिए तो बोला - ऐसा पुरुषार्थ करना जो मम्मा बाबा आके तुम्हारे वारिसदार बनें। माना ब्रह्मा-सरस्वती भी तुम्हारे बच्चे बन जाएं आ करके नई दुनियाँ में।

Time: 04.26-05.45
Student: Baba, it has been said in an avyakt vani that you will see and the Father will also see.
Baba: Yes. What? In what context was it said?
Student: In future, you will see and the Father will also see.
Baba: It is correct. Father means Prajapita. And you will also see.
Student: Does 'you' refer to Brahma Baba?
Baba: … His body does not exist at all.
Student: In the avyakt vani of 16.04.2008 it has been mentioned that Mamma Baba…
Baba: When Baba was alive, then Mamma, Om Radhey Mamma and Baba, Dada Lekhraj; would there not be some children who make both of them their heirs?
Student: They were certainly there, only then…
Baba: This is why it was said: You should make such *purushaarth* that Mamma and Baba become your heirs. Meaning Brahma and Saraswati should also become your children in the new world.

समयः 07.30-09.12

जिज्ञासुः बाबा, बी.के में सेवा करने के लिए जाते हैं तो बोलते हैं कोई ऐसी बहन हो तो उनके द्वारा कोई क्लास चलता हो तो... आपका क्लास तो चलता नहीं।

बाबाः कहाँ?

जिज्ञासुः अहमदाबाद में।

बाबाः अहमदाबाद में कोई क्लास नहीं चलता?

जिज्ञासुः ऐसी कोई बहन नहीं है जो क्लास, कोर्स करा सके।

बाबाः कन्याओं में से कोई कन्या ऐसी हो जो कोर्स करा सके। अहमदाबाद की मुख्य कन्या मालूम है कौन है? कौन है?

जिज्ञासु: छोटी माँ।

बाबा: फिर? लास्ट सो फास्ट निकल पड़ेगा।

दूसरा जिज्ञासुः अहमदाबाद वाली आत्माओं के लिए बहुत फायदामंद साबित हो जाएगा।

बाबाः फायदेमंद बात है ना। बाबा ने तो स्पष्ट और बोल भी दिया - विजयमाला का आवाहन करो।

Time: 07.30-09.12
Student: Baba, when we go to the BKs to serve them, they say that there should be a sister who can conduct classes...You don't conduct any classes like this.
Baba: Where?
Student: In Ahmedabad.
Baba: Is no class conducted in Ahmedabad?
Student: There is no such sister who could take classes or give course.
Baba: From among the virgins there should be such a virgin who can give the course. Do you know who the main virgin of Ahmedabad is? Who is it? (Student: The junior mother.) Then? She will come in the last and gallop fast.
Another student: It will prove very beneficial for the souls of Ahmedabad.
Baba: It is beneficial, isn't it? Baba said it even more clearly: Invoke the *Vijaymaalaa*[1].

दूसरा जिज्ञासुः फिर छोटी माँ अहमदाबाद में आकरके सेवा जोर-शोर से शुरु कर देगी आगे चल करके।

जिज्ञासुः महाराष्ट्र में चित्र सहित एक बुक निकाला। उसमें फोटो सहित दे दिया।

बाबाः तो? वो गलत है बात?

जिज्ञासुः गलत तो नहीं है।

बाबाः लेकिन फोटो से प्रत्यक्षता नहीं होती है। क्या? काहे से प्रत्यक्षता होगी? तुम्हारे चलन और चेहरे से, दृष्टि से, वृत्ति से प्रत्यक्षता होगी या फोटो छपा देने से प्रत्यक्षता हो जाएगी?

जिज्ञासु: चाल चलन से...

बाबा: हाँ, जी।

Another student: Then the junior mother will come to Ahmedabad and start the service vigorously in future.
Student: A book has been brought out with pictures in Maharashtra. They have given photographs in that.
Baba: So? Is that wrong?
Student: It is not wrong.
Baba: But revelation does not take place through photographs. What? How will the revelation take place? Will the revelation take place through your behavior, your face, your vision, your vibrations or will the revelation take place by publishing photographs?
Student: through the behavior…

[1] The rosary of victory

Baba: Yes.

समयः 09.15-09.59

जिज्ञासुः बाबा मुरली में बोला है कि गोपियों को भगाया, मक्खन चुराया। सारी कहानी है प्रजापिता की।

बाबाः प्रजापिता की कहानी है।

जिज्ञासुः लेकिन नाम डाल दिया कृष्ण का।

बाबाः हाँ।

जिज्ञासुः और फिर ऐसे भी बोला है शंकर का...।

Time: 09.15-09.59
Student: Baba it has been said in the murli that making the *gopis* to run away, stealing butter. The entire story is of Prajapita.
Baba: It is the story of Prajapita.
Student: But the name of Krishna has been inserted.
Baba: Yes.
Student: And then it has also been said that Shankar...

बाबाः ब्रह्माकुमारियाँ क्या समझती है? ब्रह्माकुमारियाँ तो यही समझती हैं कि दादा लेखराज ने ही ये सारा कार्य कराया।

जिज्ञासुः और ऐसे भी बोला है कि शंकर का तो साक्षात्कार होता है। तो फिर यज्ञ की आदि में ब्रह्मा बाबा का अट्रैक्शन क्यों हुआ?

बाबाः यज्ञ की आदि में ब्रह्मा बाबा का अट्रैक्शन हुआ?

जिज्ञासुः ब्रह्मा बाबा को देख देख करके भागे ना।

बाबाः ये तो एड्वर्टाइजमेंट किया गया है। (किसीने कुछ कहा।) हाँ, जी। मुरली क्या कहती है? और देहधारी गुरु लोग क्या कहते हैं? मुरली तो ये कहती है कि ये सारी कथा-कहानी है प्रजापिता ब्रह्मा की। नाम डाल दिया है कृष्ण का। कृष्ण माने कृष्ण उर्फ ब्रह्मा का।

Baba: What do the Brahmakumaris think? The Brahmakumaris think that it was Dada Lekhraj himself who enabled all these tasks.
Student: And it has also been said that you have the visions of Shankar. Then, in the beginning of the *yagya* why was there the attraction of Brahma Baba?
Baba: There was Brahma Baba's attraction in the beginning of the *yagya*?
Student: They ran away [from their homes] on seeing Brahma Baba, didn't they?
Baba: This has been advertised. (Student said something.) Yes. What does the murli say? And what do bodily gurus say? Murli says that this entire story pertains to Prajapita Brahma. The name of Krishna has been inserted. Krishna, i.e. Krishna alias Brahma.

समयः 10.02-11.22

जिज्ञासुः और बाबा, त्रिमूर्ति का चित्र है। उसमें जो साइड में गोला दिखाया गया है। वहाँ पे चार कुमार और चार कुमारी दिखाई गई हैं।

बाबाः हाँ जी।

जिज्ञासुः और जो सीढ़ी का चित्र है उसमें चार कुमार और तीन कुमारीयाँ दिखाई गयी है। तो इसका अंतर क्या है?

बाबाः इसका अंतर ये है कि वो संगमयुग में ही दिखाया गया है। नई दुनियाँ ब्रहमा की तरफ और पुरानी दुनियाँ का विनाश शंकर की तरफ। जहाँ विनाश होना है वहाँ जो कम पुरुषार्थी हैं उनका विनाश नहीं होगा? क्रिश्चियन धर्म है। और क्रिश्चियन धर्म में कौनसा पूजा का स्थान माना जाता है? (जिज्ञासु - गिरजाघर।) गिरजाघर। गिरजाघर नाम क्यों पड़ा?

जिज्ञासुः भगवान का बना बनाया घर तू गिर जा।

बाबा: कोई तो ऐसी आत्माएं निकली होंगी ना जिन्होंने उल्टे संकल्प चलाए होंगे, ईश्वरीय कार्य में। ईश्वर का सहयोगी बनना चाहिए या ईश्वर का विरोधी बनना चाहिए संकल्पों से? संकल्पों से भी, तन से भी, मन से भी, धन से भी सहयोगी बनना चाहिए। विरोधी बन गया। तो भगवान का घर बिगाड़ेगा, उसका अपना घर रह जाएगा? घर किसे कहा जाता है? ईंटों को घर कहा जता है या गृहिणी को घर कहा जाता है?

जिज्ञासु: गृहिणी को।

बाबा: गृहिणी को ही घर कहा जाता है।

Time: 10.02-11.22

Student: Baba, in the picture of the Trimurty a sphere has been shown on the side. Four *kumaars* (bachelors) and four *kumaaris* (virgins) have been depicted there.

Baba: Yes.

Student: And in the picture of the Ladder, four *kumaars* and three *kumaaris* have been depicted. So, what is the difference?

Baba: Its difference is that [the former] has been shown in the Confluence Age itself. The new world [is shown] towards Brahma and the destruction of the old world [is shown] towards Shankar. Will not the less *purushaarthis* (those who make spiritual effort) be destroyed towards the side where destruction is to take place? There is Christianity. What is considered to be the place of worship in Christianity?

Student: *Girijaaghar,* i.e. Church.

Baba: *Girijaaghar*. Why was it named *Girijaaghar*?

Student: O God's readymade home (*ghar*), fall down (*gir jaa*).

Baba: There must have been such souls who must have created opposite thoughts in the work of God. Should we become the helpers of God or should we become the opponents of God through thoughts? We should become helpers through the thoughts, through the body, through the mind and through the wealth as well. He became an opponent. So, if he spoils God's home, then will his own home survive? What is called a home? Are bricks called home or is the housewife called home? (Student: The housewife.) The housewife herself is called a home.

समयः 11.25-12.50

जिज्ञासुः मुरली में बोला है ना ईश्वर से सच्चा योग है तुम्हारा, तुम हो योगेश्वर। ऐसा बाहर की दुनियाँ में जो पांडुरंग आठवले हैं उनका ग्रुप है, उपाध्याय परिवार वाले पाँडुरंग आठवले....

बाबाः पाँडुरंग? हाँ, जी।

जिज्ञासुः मुरली में बोला है ईश्वर से सच्चा योग है तुम्हारा। तुम हो योगेश्वर।
बाबाः हाँ, जी।
जिज्ञासुः वो तो बात एक ही हो गई। प्रजापिता के लिए बात हो गई ना।
बाबाः हाँ, तो?
जिज्ञासुः टैली हो गया ना मुरली से।
बाबाः पाँडुरंग से क्या बात बैठाई?
जिज्ञासुः .... योगेश्वर कहते है। और यहाँ हमारे पास भी योगेश्वर।
बाबाः वो तो प्रैक्टिकल होना चाहिए ना। जिनको योग सिखाया गया, उन योगियों को योग सिखाने वाला, शासन करने वाला... ईश माना शासन करने वाला। वर माने श्रेष्ठ। शासन करने वालों में, योगियों को शासन करने वालों में जो श्रेष्ठ है वो योगीश्वर है। है तो शिवबाबा। प्रजापिता के लिए थोड़े ही कह सकते हैं।

Time: 11.25-12.50
Student: It has been said in the murli that you have true yoga with God; you are *yogeshwar*. There is a group of Pandurang Aathawle in the outside world, the Pandurang Aathawle from Upadhyay family …
Baba: Pandurang? (Students are saying something.) Yes.
Student: It has been said in the murli that you have true yoga with God. You are Yogeshwar.
Baba: Yes.
Student: That is one and the same. It is about Prajapita, isn't it?
Baba: Yes, so?
Student: It tallies with the murli, doesn't it?
Baba: How did you tally it with Pandurang?
Student: They say Yogeshwar…. And here, we have Yogeshwar too.
Baba: That should be in practice, shouldn't it?
Student: He is the lord of the yogis, isn't he?
Baba: Yes. Those who were taught yoga; the one who taught yoga to those *yogis*, the one who governs [them]... *iish* means governor. *Var* means elevated. The one who is elevated among the governors, among those who govern the *yogis* is Yogishwar. It is indeed Shivbaba. This cannot be said for Prajapita. … (to be continued.)

Extracts-Part-2

समयः 12.55-13.45

जिज्ञासुः बाबा, द्वापरयुग से जो देवता धर्म है, वो ऐकेश्वरवाद से निकलकर अनेकतावाद में फंस गया।

बाबाः उसका नाम ही क्या पड़ा? उसका नाम ही है द्वापर। द्वैतवाद चल गया।

जिज्ञासुः हाँ, बराबर है। लेकिन जो इस्लाम धर्म में वो अनेकतावाद से एकतावाद में चला गया। मगर जो भारतीय धर्म हैं वो ऐकेश्वरवाद से अनेकतावाद में चला गया।

बाबाः इस्लाम धर्म कहाँ एकता में चला गया? उसमें भी तो शिया, सुन्नी निकल पड़े। उसमें से, इस्लाम धर्म से मुहम्मद निकल पड़े जिन्होने मुर्तियों को तुडवा दिया। हर धर्म में द्वैतवाद चल

पड़ता है। ऐसा एक भी धर्म नहीं है जिसमें द्वैतवाद न हो। द्वापरयुग मतलब ही है द्वैतवाद। अद्वैत होते हैं देवताएं। अद्वैत, किसी दूसरे को न मानने वाले। एक बाप दूसरा न कोई।

Time: 12.55-13.45
Student: Baba, the Deity religion changed from being a worshipper of one God to a worshipper of many Gods.
Baba: What was its very name? Its very name is *Dwapar*. Dualism started.
Student: That is correct. But the Islam religion changed from being a believer in multiple gods (*anektaavaad*) to believer in single God (*ektaavaad*). But the Indian religions changed from *ektaavaad* to *anektaavaad*.
Baba: The Islam religion did not adopt *ektaa*. Even in that Shias and Sunnis[2] emerged. From it emerged Mohammad, who established the Muslim religion. Dualism starts in every religion. There is no religion in which dualism does not exist. The meaning of *Dwaparyug* (Copper Age) itself is dualism. Deities are non-dualistic. *Adwait* [meaning] those, who do not believe in anyone else. One Father and no one else.

समयः 13.50-14.50
जिज्ञासुः बाबा, बात चल रही थी कि बाबा आने वाले हैं एक बजे या तीन बजे.... गीता पाठशाला की माता ने बताया तो सबको फिर बाद में खाना खिलाया। तो क्या बाप कभी बच्चों को भूखा रखता है क्या?
बाबाः बाबा ने ये कह दिया तुम खाना नहीं खाओ?
जिज्ञासुः मैंने वो ही बताई बात कि बाबा ने तो कभी ऐसा किया नहीं। ये तो अपनी मनमत है ना।
बाबाः बाबा तो कहते हैं तुम जितनी मेरी याद में रहते हो उतना मैं तुम्हारे साथ हूँ। क्या? जितना तुम मेरी याद में रहते हो, उतना मैं तुम्हारे साथ हूँ। तो बाबा की याद में रह करके खाएंगे तो बाबा के साथ खाना खाना नहीं हुआ? फिर काहे के लिए सारा दिन भूखों मरना? बाबा की याद में बनाना, बाबा की याद में खाना, बाबा की याद में खिलाना। साकार का... अभी अव्यक्त स्टेज वाली बात तो सबको भूल गई।

Time: 13.50-14.50
Student: Baba, it was being discussed that Baba is going to come at 1 PM or 3 PM… The mother at the *gitapaathshaalaa* said so. Then everyone was served food later. So, will a father ever keep his children hungry?
Baba: Did Baba say that do not eat food?
Student: I said the same thing that Baba has never done so. This is your own mind's opinion.
Baba: Baba indeed says: The more you remain in my remembrance, the more I am with you. What? The more you remain in my remembrance, the more I am with you. So, if you eat in Baba's remembrance, then is it not like eating with Baba? Then why should you die of hunger throughout the day? Cook in Baba's remembrance; eat in Baba's remembrance; serve in Baba's remembrance. The corporeal… everyone has forgotten about *avyakt* stage now.

[2] Sects of the Muslim religion

समयः 14.55-17.27

जिज्ञासुः बाबा, माउन्ट आबू में वेदान्ती बहन को परिचय दिया हमने बाबा का।

बाबाः परिचय दिया? हां।

जिज्ञासुः और वीरेन्द्र देव दीक्षित में फर्रूखाबाद में सुप्रीम सोल का साकार में पार्ट चल रहा है।

बाबाः किसने दिया?

जिज्ञासुः मैंने दिया ....।

बाबाः ऐसे कहने से, डफली बजाने से कोई परिचय हो जाता है? कोई प्रूफ देंगे तभी तो कोई मानेगा। बिना प्रूफ प्रमाण के कैसे कोई मानेगा?

जिज्ञासुः एड्रेस दे दिया।

बाबाः एड्रेस देने से कोई नहीं मानेगा कि ये एड्रेस है, ये भगवान आया हुआ है। ऐसे डफली बजाने वाले ढ़ेर सारे होते हैं।

जिज्ञासुः ईमेल में मुरली भेज देने को बोला है।

Time: 14.55-17.27
Student: Baba, I gave the introduction of Baba to sister Vedanti at Mount Abu.
Baba: Did you give the introduction? Yes.
Student: [I told her:] the Supreme Soul is playing His part in a corporeal form through Virendra Dev Dixit in Farrukhabd.
Baba: Who gave [the introduction]?
Student: I gave …
Baba: Can introduction be given by telling [them] this, by beating the drum? Someone will believe only when you give some proof. How will someone accept without proofs?
Student: I gave the address.
Baba: Nobody will believe if you give the address that this is the address and that God has come. There are many who beat the drums like this.
Student: They told me to send the murli through email.

बाबाः नहीं। ये तरीका नहीं है। ज्ञानी तू आत्मा का मतलब है ज्ञान के आधार पर, प्रूफ और प्रमाण के आधार पर बात को समझाना जिसका कोई जवाब न दे सके। (जिज्ञासु ने कुछ कहा।) वो गलत बात है। ऐसे ही चित्र छपा दिये। ये तो वो ही बात हो गई जैसे वो किताब छपा दी, चित्र बना दिया। उसमें दिखा दिया। किताब में ऊपर चित्र दिया हुआ है कुछ और, अन्दर मैटर दिया हुआ है कुछ और। किसी को क्या समझ में आएगा?

जिज्ञासुः मुरली ईमेल में भेजने को बोला है।

बाबाः मुरली भेजना, मुरलियों में भी ईमेल करना, ये लिट्रेचर तो वहाँ बहुत पहुँच चुका है पहले से ही। सन् 73 से ही लिट्रेचर पहुँचाया जा रहा है। अभी की बात थोड़े ही है। मुरली में जब से बाबा ने बोला है कि ये चार चित्रों पर मनन-चिंतन-मंथन अमृतवेले बैठकर के करना चाहिए जो मंथन में नई-नई बातें निकलें वो हैड आफिस में लिख करके भेजो। बाबा तो विहंग मार्ग की सर्विस बताते हैं। उसी समय से रजिस्टर्ड पोस्ट से सारा एडवांस ज्ञान भेजा जा रहा है।

जिज्ञासुः लास्ट में ज्ञान मान लिया।

बाबाः मान लिया?

जिज्ञासुः मान लिया।

Baba: No. This is not the way. Knowledgeable soul means to explain any topic on the basis of knowledge, on the basis of proofs, which cannot be answered by anyone else. (Student said something.) That is wrong. They simply published the pictures. It is just like they published that book, those pictures. They depicted [the pictures] in that. There is some other picture on the cover page of the book and there is some other matter inside. What will someone understand?
Student: I have been asked to send the murli through email.
Baba: To send the murli, to send murlis through email; a lot of this literature has reached there already. Literature is being sent [there] since the year 73. It is not about now. Ever since Baba has said in the murli that you should think and churn on these four pictures at *amritvela*[3] and whatever new topics emerge through the churning send it to the head office in writing. Baba tells [you to do] the service in a big way. It is from that time that the advance knowledge is being sent [there] through registered post.
Student: She accepted at last.
Baba: She accepted it?
Student: She accepted.

बाबाः हाँ, फिर क्या हुआ?

जिज्ञासुः एड्रेस दिया। …

बाबाः फिर हेडक्वार्टर से बंधे हुए हैं।

जिज्ञासुः ईमेल से मुरली भेज देने को बोला है।

बाबाः ये तो वो ही बात हो गई। जैसे कुमारिका दादी के सामने कलकत्ते के रवीन्द्र भाई पहुँचे, कम्पिल में भट्ठी करने के बाद और कुमारिका दादी से कहा - दादी, ये तो सारा का सारा ब्रह्माकुमारी आश्रम कनवर्ट हो जाएगा एक दिन शंकर पार्टी में। तो दादी कहती है - जगदीश भाई से बात करो। तो ऐसे ही उन्होंने कह दिया - हेड आफिस में सारा लिख करके भेजो। माना हेड आफिस के अधीन हो गए।

Baba: Yes, what happened after that?
Student: I gave her the address. …
Baba: Then? She is bound by the Headquarters.
Student: She asked me to send the murli through email.
Baba: It is the same thing. For example, Ravindra bhai of Calcutta came in front of Kumarika Dadi after undergoing the *bhatti* at Kampil. And he told Kumarika Dadi: Dadi, one day this entire Brahmakumari Ashram will convert into Shankar Party. Then Dadi says: Talk to Jagdish bhai. So, similarly she (sister Vedanti) said: write and send everything to the head office. It means that she came under the control of the head office.

[3] Early morning hours

समयः 17.34-18.18

जिज्ञासुः अच्छा बाबा, अब जो कैसट चल रहा है, सन्मुख ... टी.वी में प्रोग्राम आता है जागरण चैनल इसमें हमारी कैसटें नहीं आती? बीच में मैं दिल्ली में गया था तो बताया था कि चैनल पे एक दो घण्टे आता है बाबा का। कैसट दिखाते हैं।

बाबाः लोकल चैनल पे दे दे। ये तो बड़ी बात नहीं। बड़े-बड़े चैनल वाले तो पैसे मांगते हैं। आस्था चैनल में, संस्कार चैनल में अगर तुम्हें देना है तो लाखों रुपया दो उनको तो डाल देंगे।

Time: 17.34-18.18

Student: OK Baba, are any of the cassettes, CDs which are being narrated face to face being transmitted as programs on any of the channels like Jagran? I had been to Delhi in between; I was told that Baba's class is shown on a channel for one or two hours. They show the cassettes.

Baba: You can transmit it on the local channels. This is not a big deal. Those running big channels seek money. If you wish to broadcast [classes] through Aastha channel, Sanskar channel, then they will broadcast if you give them lakhs of rupees.

समयः 18.25-19.25

जिज्ञासुः मुरली में बाबा ने कहा है कि विश्व का मालिक विश्व पे राज्य कैसे करेगा? जैसे बड़ौदा वाला बड़ौदे पे राज्य करेगा। जैसे बड़ौदे वाला बड़ौदे पर राज्य करेगा वैसे ही विश्व का मालिक विश्व पे राज्य करेगा।

बाबाः वो तो है हद का बड़ौदा। और एक है बेहद का बड़ौदा - बड़ा दा। माना जो बड़ों-बड़ों को निकाल कर इस संसार में दे दे। ये हैं बड़े-बड़े। वो हो गया बड़ौदा। बड़े-बड़े कितने हैं जो हर धर्म में पूजे जाते हैं, माने जाते हैं, सिमरण किये जाते हैं? वो माला है। 108 की जो माला है वो ही बड़े-बड़े हैं। उन बड़ों-2 को निकाल करके संसार के सामने पेश कर देता है। वो हो गया बड़ौदा। बड़ौदा की महारानी का भी जिकर आया है।

Time: 18.25-19.25

Student: Baba has said in the murli that how will the master of the world rule over the world? Just like the one from Baroda rules over Baroda. Just as the one from Baroda rules over Baroda, the master of the world will rule over the world.

Baba: That is Baroda in a limited sense. And one is Baroda in an unlimited sense. *Bara da*. It means that the one who gives (*de-de*) the big ones (*baron-baron*) to this world. These are the big ones. That is Baroda. How many are the big ones, who are worshipped, accepted [and] remembered in every religion? It is a rosary. The ones in the rosary of the 108 are the big ones. He makes those big ones to emerge and presents them to the world. He is Baroda. There is a mention about the Queen of Baroda as well. … (to be continued.)

Extracts-Part-3

समयः 21.22-22.34

जिज्ञासुः बाबा, रावण के जो दस मुख दिखाए गए हैं उसमें जो राइट साइड में वायु देवता, अग्नि देवता, जल देवता कहा जाता है। लेकिन जो लेफ्ट साइड है, उसमें क्रोध देवता नहीं कहा जाता है। लेकिन काम देवता कहा जाता है।

बाबा: ठीक है।

जिज्ञासु: तो काम देवता क्यों है?

बाबाः क्योंकि कामी कुत्ता पाण्डवों के साथ जाता है। क्या? पाण्डवों ने जब स्वर्गारोहण किया तो उनके साथ कौन गया? कुत्ता भी साथ में गया। वो फाउन्डेशन है। कामदेव स्वर्ग में अगर न जाए तो नई संतति कहाँ से पैदा होगी? देवताओं की पैदाइश कहाँ से होगी? इसलिए बोला है होई है कामोनंग। काम देव तो होगा सतयुग में, सतयुग, त्रेता में लेकिन अनंग होगा। वो अंग नहीं होगा जो काम की मार करने वाला है। इसलिए बोला है कि कामदेव सतयुग में होता है। ऐसे नहीं कि नहीं होता।

Time: 21.22-22.34

Student: Baba, ten heads of Ravan have been depicted; [the heads] on the right side are called the deity of wind, the deity of fire, the deity of water. But among the heads on the left side it is not said the deity of anger, it is said *Kaam dev*[4].

Baba: It is correct.

Student: So, why is lust a deity?

Baba: It is because the lustful dog goes with the Pandavas. What? Who went with the Pandavas when they ascended to heaven? A dog accompanied them as well. That is the foundation. If the deity of desires does not go to heaven, how will the new progeny be born? How will the deities be born? This is why it has been said that lust will be without organ *(hoi hai kaamoanang)*. The deity of desire will definitely exist in the Golden and Silver Age, but it will be without organs. That organ (*ang*) which causes the attack of lust will not exist. This is why it has been said that the deity of desires exists in the Golden Age. It is not that it does not exist there.

समयः 22.35-28.55

जिज्ञासुः बाबा, जो टेलीविजन पर काफी दिखाते हैं कि 2012 में विनाश होगा।

बाबाः भट्ठी करने के बाद अब ये कैसटें लगातार नहीं सुन रहे। इसका जवाब कई बार दे दिया है कि वैज्ञानिकों ने जो शोध की है, कि 2012 के बाद कोई तवारीख नहीं होगी। दुनियाँ का विनाश हो जावेगा और पृथ्वी की धुरी बदल जाएगी। लेकिन उनको पता ही नहीं है कि दुनियाँ के हर काम की शुरुआत पहले सूक्ष्म से होती है। पहले संकल्पों से सृष्टि रची जाती है और बिगाड़ी जाती है या पहले स्थूल में सृष्टि रची जाती है और बिगाड़ी जाती है? ये सूक्ष्म में संकल्पों से सृष्टि रचना और सृष्टि के बिगाड़ने का काम 76 से ब्राह्मणों की दुनियाँ में शुरु हो चुका है। इस ब्राह्मणों की दुनियाँ में जो पृथ्वी माता का पार्ट बजाने वाली चैतन्य आत्मा है वो अभी

[4] The deity of desires

आसुरी संस्कार वालों के तरफ झुकी हुई है। पृथ्वी को झुका हुआ दिखाते हैं ना। 2012 में वो आत्मा दैवी संस्कारों की तरफ झुक जाएगी। पृथ्वी की धुरी चेंज होने वाली है। ये विनाश होगा। स्थूल विनाश दुनियाँ का अभी होने वाला नहीं है।

Time: 22.35-28.55
Student: Baba, it is often shown on the television that destruction will take place in 2012.
Baba: You are not listening to the cassettes regularly after doing *bhatti*. This question has been answered many times that whatever research the scientists have done that there will not be any date after 2012, the world will be destroyed and the axis of the Earth will change. But they do not know that every task of the world starts in a subtle form first. Is the world created and destroyed through the thoughts first or is it created and destroyed in the physical form first? This task of the creation and destruction of the world in the subtle form through thoughts has started from 1976 in the world of Brahmins. The living soul that plays the role of Mother Earth in the world of Brahmins is inclined towards those with demoniac *sanskars*. The Earth is shown to be inclined, isn't it? That soul will incline towards divine *sanskars* in 2012. The axis of the Earth is going to change. This destruction will take place. The physical destruction of the world is not going to take place now.

बाहर की दुनियाँवालों का असर जल्दी पड़ जाता है, प्रभाव जल्दी पड़ जाता है। वो बात चारों तरफ बड़ी जल्दी-2 तीव्रता से फैलने लगती है। भगवान आया हुआ है, 70 साल से चिल्ला रहा है कि 100 साल का संगमयुग है। पुरानी दुनियाँ का विनाश, नई दुनियाँ की स्थापना होने वाली है। वो बात बुद्धि में नहीं चलती।

You get affected by the people of the outside world soon. You come under their influence soon. That topic spreads very quickly everywhere. God has come and has been shouting for 70 years that the Confluence Age is of 100 years. The old world is going to be destroyed and a new world is going to be established. That topic does not go on in the intellect.

जिज्ञासुः ब्राह्मणों की दुनियाँ में भी बोलते हैं कि 2036 में कृष्ण का जन्म होगा।
बाबाः वो स्थूल कृष्ण का जन्म होगा कि सूक्ष्म कृष्ण का जन्म होगा?
जिज्ञासुः स्थूल कृष्ण का।
बाबाः फिर? वो तो होगा ही। संगमयुग पूरा होगा तो कौनसा युग शुरू होगा? (जिज्ञासुओं ने कहा-सतयुग।) सतयुग का पहला पत्ता कौन होगा चैतन्य में? (जिज्ञासु - कृष्ण।) कृष्ण ही होगा।
जिज्ञासुः बड़ा होगा कृष्ण तब वो सतयुग गिना जावेगा ना? 1.1.1 ऐसा।
बाबाः ये क्या बात हुई? एक बात है। दिन कब गिने जाते हैं? दुःख में दिन गिने जाते हैं या सुख में दिन गिने जाते हैं? (जिज्ञासु - दुःख में।) दुःख में दिन गिने जाते हैं। सतयुग में सुख होगा या दुख होगा? (जिज्ञासु - सुख होगा।) तो वहाँ दिन गिनने की क्या बात है? हिस्ट्री कब बनती है? हिस्ट्री बनती है द्वापरयुग से जब द्वैतवादी दुःख का युग शुरु होता है। दो-दो बातें शुरु हो जाती हैं। द्वापरयुग से तवारीख शुरू होती है। तिथि शुरु होती है। चाहे क्रिश्चियंस की

हो, चाहे शक संवत् हो, चाहे हूण संवत हो, ये संवत वगैरा शुरुआत होते हैं द्वापर से। सतयुग में सुख ही सुख है। वहाँ कोई तवारीख की जरूरत नहीं।

Student: It is said in the world of Brahmins that Krishna will be born in 2036.
Baba: Will the physical Krishna be born or will the subtle Krishna be born?
Student: The physical Krishna.
Baba: Then? That will definitely happen. When the Confluence Age ends, which age will begin? (Students: the Golden Age.) Who will be the first leaf of the Golden Age in living form? (Student: Krishna) It will be just Krishna.
Student: It is only when Krishna grows up that the Golden Age will be counted, will it not? The year 1.1.1…
Baba: What is this? There is one aspect. When are days counted? Are days counted in sorrow or in happiness? (Student: In sorrow.) Days are counted in sorrow. Will there be happiness or sorrow in the Golden Age? (Student: There will be happiness.) So, is there any need to count the days there? When is *history* written? *History* is written from the *Dwaparyug* (Copper Age) when the age of dualism, of sorrow begins. Two topics emerge. Dates begin from the Copper Age. Whether it is the calendar of the Christians, whether it is the Saka Era, whether it is the Huna Era; these Eras etc. begin from the Copper Age. There is only happiness in the Golden Age. There is no need for dates there.

जिज्ञासुः 2017-18 में जो बात बताई है...
बाबाः हाँ, संगमयुग की बात है। संगमयुग में ऐसा टाइम आएगा कि नई दुनियाँ के वायब्रेशन्स ऐसा तैयार हो जाएगा जहाँ जिस वायब्रेशन में जो भी पहुँचेंगे वो ही चेंज होने लगेंगे। ज्ञान सुनाने की दरकार ही नहीं रहेगी।
जिज्ञासुः 2017-18 के बाद वो कंचनकाया होगा ना।
बाबाः कंचनकाया 5 तत्वों को परिवर्तन होने की बात है या आत्मा को परिवर्तन होने की बात है? कंचनकाया जो कही जाएगी... काया, काया माना शरीर। तो 5 तत्व पहले परिवर्तन होंगे या पहले आत्मा परिवर्तित होगी? तो 2018 में क्या शुरुआत होगी? आत्मा का परिवर्तन होगा या 5 तत्वों का परिवर्तन शुरु हो जाएगा? (जिज्ञासु - आत्मा का।) आत्मा का परिवर्तन शुरु होगा। 5 तत्वों का परिवर्तन थोड़े ही शुरु हो जाएगा। 5 तत्वों का परिवर्तन तब तक नहीं हो सकता जब तक ये 5 तत्वों की दुनियाँ पूरी खलास नहीं हो जाती। 500-700 करोड़ जितने भी मनुष्य मात्र हैं, उन सबके वायब्रेशन 5 तत्वों को दूषित कर रहे हैं। 500-700 करोड़ मनुष्य मात्र सब शरीर छोड़ देवें। सिर्फ साढ़े चार लाख ज्ञानी तू आत्माएं ऐसी बचें जो वायब्रेशन को शुद्ध करने वाली हैं। तब दुनियाँ के 5 तत्वों का परिवर्तन शुरू होगा। माने 2036 से पहले न 5 तत्वों की दुनियाँ खलास होगी और न 5 तत्वों का परिवर्तन शुरू होगा।

Student: As regards the topic of 2017-18...
Baba: Yes, it is about the Confluence Age. Such a time will come in the Confluence Age that the vibrations of the new world will become ready in such a way that whoever reaches those vibrations will start to *change*. There will not be any need to narrate knowledge at all.
Student: Our body will become diseases free (*kancankaayaa*) after 2017-18, will it not?

Baba: Is *kancankaayaa* about the transformation of the five elements or is it about the transformation of the soul? As regards *kancankaayaa… kaayaa* means body. So, will the five elements be transformed first or will the soul be transformed first? (Everyone said: the soul.) So, what will begin in 2018? Will the transformation of the soul take place or will the transformation of the five elements begin? (Student: Of the soul.) The transformation of the soul will begin. The transformation of the five elements will not begin. The transformation of the five elements cannot happen until this world of five elements does not end completely. The vibrations of all the 5-7 billion human beings are polluting the five elements. All the 5-7 billion human beings should leave their bodies. Only four and a half lakh knowledgeable souls which purify the vibrations should survive. Then the transformation of the five elements of the world will begin. It means that before 2036, neither the world of five elements will perish nor the transformation of five elements will begin.

जिज्ञासुः पहला ऐसे बताया कि 17-18 में कृष्ण का जन्म।

बाबाः कहीं नहीं बताया। ये तुमने अपना समझा है बहुत कुछ।

जिज्ञासुः 18-20 साल का कृष्ण...

बाबाः वो कृष्ण संगमयुगी कृष्ण है न कि सतयुगी कृष्ण?

जिज्ञासुः संगमयुगी कृष्ण।

बाबा: कहा कुछ जाता है। बुद्धि समझती कुछ और है। सन् 76 के बारे में बाबा ने क्या बोला था मुरलियों में? क्या बोला था और क्या समझने वालों ने समझ लिया?

जिज्ञासु: आने वाले दस वर्षों में भारत से भ्रष्टाचार, विकारों का अंत...

बाबा: तो हो गया भ्रष्टाचार, विकारों का अंत?

जिज्ञासुः नहीं, नहीं। वो तो एक आत्मा की बात है।

बाबाः हाँ, तो वो ही बात बताई। लक्ष्मी-नारायण का जन्म की बात बताई कि लक्ष्मी-नारायण जो संगमयुगी हैं उनके वायब्रेशन चेंज हो जाएंगे।

Student: It was told earlier that Krishna will be born in 2017-18.
Baba: It has not been said anywhere. You have interpreted a lot on your own.
Student: 18-20 years old Krishna…
Baba: Is that Krishna the Confluence Age Krishna or the Golden Age Krishna?
Student: Confluence Age Krishna.
Baba: Something is said and the intellect understands something else. What did Baba say about the year 76 in the murlis? What did He say and what did people understand?
Student: Corruption, vices will end in the forthcoming ten years.
Baba: So, did corruption and vices end?
Student: No, no. That is about one soul.
Baba: Yes. That is what was said. It was said about the birth of Lakshmi-Narayan that the vibrations of the Confluence Age Lakshmi and Narayan will change. ... (to be continued.)

Extracts-Part-4

समयः 28.58-30.20

जिज्ञासुः बाबा, अभी का सेवा का तरीका, सेवाधारी आत्माओं का और 2018 के बाद जब बाप की प्रत्यक्षता होगी तब का सेवाधारी बच्चों का सेवा का तरीका, इसमें क्या अन्तर होगा?

बाबाः अभी बापदादा प्रवेश करके बच्चों में सेवा कर रहे हैं, करा रहे हैं। बच्चे तमोप्रधान हैं या सतोप्रधान हैं? (जिज्ञासुओं ने कहा - तमोप्रधान।) तमोप्रधान को अपनी रग लगी रहेगी, विकारों की रग लगी रहेगी या वो सेवा करेंगे? (जिज्ञासु - विकारों की।) अभी बिच्छु टिण्डन पैदा हो रहे हैं। एडवांस पार्टी में भी और बेसिक में भी क्योंकि वायब्रेशन सेवा करने वालों के सुधरे हुए नहीं हैं। जब सेवाधारियों के वायब्रेशन सुधर जाएंगे तो नई सृष्टि के नए फूल पैदा होंगे। उसको कहेंगे विजयमाला।

जिज्ञासुः 2020-18 के बाद।

बाबाः हाँ, जी। अभी दुःखदायी जीवड़े पैदा हो रहे हैं या सुखदायी पैदा हो रहे हैं? (जिज्ञासु - दुःखदायी।) एडवांस में भी? कहो? (जिज्ञासु - दुखदायी।) दुःखदायी☺।

Time: 28.58-30.20

Student: Baba, what will be the difference between the method of service of the *sevaadhaari* souls at present and the method of service of the *sevaadhaari* children after 2018 when the revelation of the Father takes place?

Baba: Now Bapdada is entering the children and doing service or enabling them to do service. Are the children *tamopradhan* or *satopradhan*? (Students: *tamopradhan.*) Will a *tamopradhan* soul think of himself, will he think of vices or will he do service? (Student: he will think of vices.) Now scorpions and spiders are being born in the advance party as well as the basic [knowledge] because the vibrations of those who do service are not reformed. When the vibrations of the *sevaadhaaris* will improve then the new flowers of the new world will be born. That will be called the *Vijaymaalaa*.

Student: Will that be after 2020-18?

Baba: Yes. Are the living beings which give sorrow being born or are the living beings that give happiness being born? (Student: those who give sorrow.) Even in the advance [party]? Speak up. (Student: those which give sorrow).

समयः 30.30-32.36

जिज्ञासुः सागर मंथन करते समय समुद्र के नीचे कछुआ था।

बाबाः सात नारायण हैं। सतयुग के गिरती कला के नारायण। उनको जानवर का अवतार दिखाया गया है। कोई कछुआ अवतार है। कोई मच्छ अवतार है। कोई घोड़े का अवतार है। कोई सूअर का अवतार है। ऐसे दिखाए गए हैं ना। तो उनमें एक लास्ट अवतार है कछुआ का। उसके ऊपर सारे छह नारायण टिके हुए हैं। भक्तिमार्ग में कहा हुआ है कछुआ के ऊपर पृथ्वी टिकी हुई है। जब सागर मंथन हुआ तो कछुए की पीठ के ऊपर मथानी चलाई गई, पहाड़ की। भक्तिमार्ग में ऐसे बोलते हैं। कोई दूसरा नहीं है। चाहे बेसिक नालेज हो चाहे एडवांस नालेज हो। बेसिक नालेज का भी ठाठ का जो विस्तार है वो आर्य समाज के ऊपर टिका हुआ है। सबसे ज्यादा लिट्रेचर

कौन छपाते हैं? (जिज्ञासु - आर्य समाजी।) आर्य समाजी। बेसिक ज्ञान में भी लिट्रेचर छपाना और लिट्रेचर का विस्तार करना ये किस व्यक्ति के हाथ में था? जगदीश भाई। वो आखरी जन्म में कौनसे धर्म के थे? आर्य समाजी थे। और बेसिक नालेज में भी आठवाँ नारायण साबित होते हैं। तो कछुए की ये विशेषता होती है - वो जब चाहे तो अपनी इन्द्रियों को सिकोड़ के बैठ जाए, दूसरे समझेंगे ये तो बड़ा योगी है। और जैसे ही अकेलापन देखता है तो इन्द्रियाँ सब बाहर आ जाती हैं।

Time: 30.30-32.36
Student: There was a tortoise in the ocean when the churning of ocean took place.
Baba: There are seven Narayans. They are Narayans with decreasing celestial degrees in the Golden Age. They are shown as the incarnations of animals. Someone is the incarnation of a tortoise. Someone is the incarnation of a crocodile. Someone is the incarnation of a horse. Someone is the incarnation of a pig. They are shown like that, aren't they? So, the last incarnation among them is that of a tortoise. All the six Narayans are based on it. It is said in the path of *bhakti* that the Earth is based on a tortoise. When the churning of the ocean took place, then the churning-stick (*mathaani*) of mountain was placed on the back of the tortoise and rotated. It is said like this in the path of *bhakti*. It is none other. Whether it is the *basic knowledge* or the *advance knowledge*; the expanse of the pomp of the basic knowledge is also based on Arya Samaj. Who publishes the maximum literature? (Student: Arya Samaji.) Arya Samaji. Even in the *basic* knowledge, which person was in charge of publishing literature and to expand the literature? Jagdish bhai. To which religion did he belong in the last birth? He was an Arya Samaji. And even in the *basic knowledge* he is proved to be the eighth Narayan. So, the specialty of a tortoise is that – it withdraws its *indriyaa* (parts of the body) whenever it wishes to and others will think that it is a big *yogi*. And as soon as it finds solitude, all the *indriyaa* come out.

समयः 32.45-34.75
जिज्ञासुः संगमयुग में परशुराम कौन है?
बाबाः अब बाबा एक-एक के पार्ट थोड़े ही खोलेगा बैठ करके। जब टाइम आएगा तो सबके पार्ट खुल जावेंगे। अव्यक्त वाणी में वो बोला है - बापदादा हर आत्मा के एक-एक आत्मा के पार्ट खोल करके बोर्ड या कागज़ पर लिख करके नहीं बतावेंगे। ये पूछना भी नहीं चाहिए कि किसका पार्ट है? हरेक पार्ट चाहे कोई भी पार्ट हो दुनियाँ का। हरेक पार्ट का बीज प्रजापिता में समाया हुआ है।
दूसरा जिज्ञासुः कौनसे साल में?
बाबाः ये माता सो के उठी है।☺
दूसरा जिज्ञासुः कौनसे साल में बाबा ये बात बतायेगा?
बाबाः बाबा ने बोला - बाबा हर बात को साफ-साफ सीधा-सीधा नहीं बोलते। बाबा का कहना है देवताओं के लिए इशारा ही काफी होता है। तो मुरली में बोला दुनियाँ की ऐसी कोई बात नहीं, दुनियाँ की ऐसी कोई चीज़ नहीं जो तेरे पर लागू न हो। तू राम भी बनता है तो तू? रावण भी बनता है। कृष्ण कंस भी बनता है और कृष्ण कृष्ण भी बनता है।

Time: 32.45-34.75
Student: Who is Parashuram in the Confluence Age?
Baba: Well, Baba will not reveal the part of each individual. When the time comes, everyone's part will be revealed. It has been said in the avyakt vani: Bapdada will not write on a board or a paper to announce the part of each soul. You should not even ask that who plays a particular part. Every part, be it any part of the world; the seed of every part is contained in Prajapita.
Another student: In which year?
Baba: What? This mother has just woken up. ☺
Another student: In which year will Baba tell this?
Baba: Baba has said: Baba does not speak of every topic in clear and direct terms. Baba says: A hint is enough for the deities. So, it has been said in the murli that there is nothing in the world which is not applicable to you. You become Ram as well as? Ravan. Krishna becomes Kansa as well as Krishna. ... (to be continued.)

Extracts-Part-5

समयः 34.30-43.20

जिज्ञासुः बाबा, जो अपने देवताओं के चित्र हैं वो खड़े हैं और जो इस्लाम धर्म में जो दरगाह आदि वो सोये हुए हैं। ऐसे क्यों?

बाबाः सो तो जाते हैं? वो सब कब्र दाखिल ही तो हो जाते हैं। जितने देवताएं हैं जब कब्र दाखिल हो जाते हैं तभी तो उनकी इस्लाम धर्म में पूजा होती है।

जिज्ञासुः उस पर चद्दर चढ़ाते हैं, ऐसा नमन करते हैं ना।

बाबाः हाँ, जी। वो सोते हुए को मानते हैं। जैसे आज की दुनियाँ में पहले शंकरजी का सोता हुए चित्र नहीं था। बाद में अभी सोता हुआ चित्र निकला। वो भी सोया हुआ है। सोया हुआ माना? (जिज्ञासु - योगनिद्रा।) नहीं। अज्ञान की निद्रा में सोया हुआ है। जब जग जाएगा तो बैल के ऊपर सवार हो जाएगा या बैल रूपी चन्द्रमाँ उसके ऊपर सवार होगा? बैल के ऊपर सवारी हो जाएगी। इसलिए मुरली में बोला है - शिव किसके ऊपर सवारी करेगा? जानवर पे सवारी करेगा या मनुष्य पे सवारी करेगा? (जिज्ञासुओं ने कहा-मनुष्य पे।) मनुष्य कौन है? मनुष्यों में बड़ा मनुष्य है देवता और देवताओं में बड़ा देवता है शंकर। तो शंकर में शिव प्रवेश करता है और शंकर की काहे पे सवारी दिखाते हैं भक्तिमार्ग में? (जिज्ञासु - बैल पर।) बैल पर सवारी दिखाया है।

Time: 34.30-43.20
Student: Baba, the pictures of our deities are standing and in the Islam religion, [their saints in] the Dargahs, etc. are sleeping. Why is it so?
Baba: They do fall asleep. All of them certainly enter the grave. Only when all the deities enter the grave, they are worshipped in the Islam religion.
Student: They offer a sheet (*chaddar*) as a covering [for the grave]; they bow like this.
Baba: Yes. They believe in the ones who are sleeping. For example, in today's world there wasn't a picture of sleeping Shankar earlier. Later on, now the picture of the sleeping stage

emerged. He is sleeping, too. What is meant by sleeping? (Student: *Yog nidraa*[5].) No. He is in the sleep of ignorance. When he wakes up then will he ride on the bull or will the bull like moon ride on him? He will ride on the bull. This is why it has been said in the murli: on whom will Shiva ride? Will He ride on an animal or on a human being? Who is that human being? The highest among all human beings is deity. And the highest among all deities is Shankar. So, Shiva enters Shankar. And on whom is Shankar shown to ride in the path of *bhakti*? (Student: - on the bull.) He is shown to ride on the bull.

बैल कौन है? (जिज्ञासु - ब्रह्मा।) ब्रह्मा की आत्मा बैल है। वो बैल ब्रह्मा की सोल, कृष्ण की सोल अभी शंकर के मस्तक पर विराजमान दिखाई जाती है। इसका मतलब क्या हुआ? प्रवेश है या राम वाली आत्मा उसमें प्रवेश होती है? पावरफुल आत्मा कमजोर में प्रवेश करती है या कमजोर आत्मा पावरफुल में प्रवेश करती है? (जिज्ञासु - पावरफुल आत्मा कमजोर में प्रवेश करती है।) पावरफुल आत्मा कमजोर में प्रवेश करती है। तो अभी बैल की सवारी शंकर के ऊपर है। (जिज्ञासु - असर पड़ता है क्या बाबा?) क्यों नहीं असर पड़ता है? बैल क्या करता है? (जिज्ञासु - बैल अडियलपना दिखाता है।) तो फिर? तो जो पार्ट है शंकर का विष पीता है ये कहाँ का पार्ट है? राम वाली आत्मा को कोई कहेगा कि विष पीने वाली है? विकारों के आधीन हो जाती है। 5 विकारों में मुख्य विकार काम विकार है और काम विकार का बाप कौन है? (जिज्ञासु - देह अभिमान।) देह अभिमान। रावण के सर के ऊपर कौनसा सर दिखाया है सर्वोपरि? गधा। 5 विकार तो हैं रावण के 10 सिरों में से मुखिया। लेकिन उनका बाप कौन है? उनको पोषण देने वाला कौन है? ब्राह्मणों की दुनियाँ में इन विकारियों को पोषण किसने दिया? पालना किसने दी? राम वाली आत्मा, सूर्यवंशी आत्माएं तो चली गई। फिर इस्लामी, बौद्धी, क्रिश्चियन आदि को पालना किसने दी? ब्रह्मा ने पालना दी। उसकी गोद में सब पले। गधा दिखाया जाता है रावण के सर के ऊपर वो देह अभिमान रूपी गधा है।

Who is the bull? (Student: Brahma) Brahma's soul is the bull. That soul of the bull Brahma, the soul of Krishna is now shown to be seated on the forehead of Shankar. What does it mean? Has he entered [Ram] or does the soul of Ram entered him? Does a powerful soul enter a weak one or does a weak soul enter a powerful one? (Student: A powerful soul enters a weak one.) A powerful soul enters a weak one. So, now the bull rides on Shankar. (Student: Does it affect him Baba?) Why not? What does a bull do? (Student: The bull shows its adamancy.) So, then? So, as regards Shankar's part that he drinks poison, it is a part of which time? Will anyone say that the soul of Ram drinks poison? It comes under the influence of the vices. Among the five vices the vice of lust is the main vice and who is the father of the vice of lust? (Student: Body consciousness.) Body consciousness. Which head is shown to be on top of Ravan's head? Donkey. The five vices are indeed main among the Ravan's ten heads, but who is their father? Who sustains them? Who sustained these vicious ones in the world of Brahmins? Who sustained them? The soul of Ram, the *Suryavanshi*[6] souls departed. Then, who sustained the people of Islam, the Buddhists, the Christians, etc.? Brahma sustained them. Everyone was sustained in his lap. A donkey is shown on Ravan's head. It is donkey in the form of body consciousness.

[5] Yoga in sleep
[6] The ones who belong to the Sun dynasty

जिज्ञासुः लेकिन बाबा, राम वाली आत्मा तो बीज रूप स्टेज में सबसे ज्यादा टिकती है।
बाबाः जिस समय टिकेगी उसी समय ना। हर समय 24 घंटे टिकती है? जमदे जामदे हो जाता है क्या? कि प्रैक्टिस करनी पड़ती है?
जिज्ञासुः उसकी प्रैक्टिस तो ब्रह्मा बाबा के मुकाबले लंबे समय की है ना।
बाबाः नहीं। ब्रह्मा बाबा के मुकाबले की नहीं है अभी। अगर ब्रह्मा बाबा के मुकाबले की होगी तो ब्रह्मा बाबा की बुद्धि को चेंज कर दे। गीता का भगवान शिव शंकर भोलेनाथ निराकार हो जाए। ये बात ब्रह्मा की बुद्धि में अभी तक बैठी है? (जिज्ञासु - नहीं।) क्यों नहीं बैठी? क्योंकि राम वाली आत्मा सदाकाल के लिए निराकारी स्टेज वाली बनी है कि नहीं बनी है? नहीं बनी है। सदाकाल की निराकारी स्टेज वाली बन जाएगी तो राम और कृष्ण दोनों मिल करके एक विष्णु का रूप बन जाएंगे। फिर भारत माता शिवशक्ति अवतार ये अंत का नारा प्रत्यक्ष हो जाएगा।
जिज्ञासुः राम वाली आत्मा के ऊपर मदार है।
बाबाः राम वाली आत्मा के ऊपर मदार नहीं है। बाप कभी अपने को आगे नहीं करता। बाप बच्चे को आगे करता है। बच्चा कौन है? कृष्ण बच्चा। एक के पतित होने पर सब पतित हो जाते हैं। एक के पावन बनने से सब? पावन बन जाते हैं।

Student: But Baba, the soul of Ram becomes constant in the seed-form stage more than anyone else.
Baba: It concerns the time when it becomes constant, doesn't it? Does it remain constant all the time, for 24 hours? Can something be accomplished all of a sudden? Or does one have to practice?
Student: When compared to Brahma Baba he has done the practice for a longer period, hasn't he?
